भर्ती हेतु सूचना
स्लाहकार – स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया था। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता, कार्यान्वयन सहयोग एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त, पंजीकृत सोसायटी है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर सलाहकार – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- प्रौद्योगिकी प्रभाग के कार्य का नेतृत्व करना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के परामर्श से कार्य योजना तैयार करना और उसका कार्यान्वयन करना।
- एनएचएसआरसी प्रक्रिया एवं पद्धतियों के अनुसार स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों का पता लगाने, उनके मूल्यांकन और आरंभ करने में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य संबंधित मंत्रालयों द्वारा अनुरोध किए जाने पर स्वास्थ्य उत्पादों के बाज़ार सर्वेक्षण का पर्यवेक्षण करना।
- मुफ्त निदान एवं जिला डायलिसिस कार्यक्रम जैसे गहन प्रौद्योगिकी आधारित स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार करना और उनके कार्यान्वयन में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अन्य संबंधित मंत्रालयों एवं राज्य सरकार को प्रौद्योगिकी व्यापार नीति, टैरिफ ढांचा और प्रौद्योगकी हस्तांतरण में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।
- एनएचएसआरसी, आरआरसी–एनई के अन्य प्रभागों के साथ निकट संपर्क में कार्य करना।

पात्रताः

- विज्ञान / चिकित्सा / जन स्वास्थ्य / जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग / प्रबंध में में स्नातकोत्तर या उच्चतर उपाधि।
- स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, उद्योग, निर्माण, अस्पताल प्रशासन या इनके मिले–जुले क्षेत्र में योग्यता उपरांत न्यूनतम 10 वर्षों का कार्य अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्यों को करने की क्षमता।
- कंप्यूटर कौशलः एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों में प्रवीणता। डेस्क रिसर्च, साहित्य समीक्षा और अन्य सुसंगत सामग्री तलाशने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।
- संक्षिप्त, स्पष्ट तकनीकी रिपोर्टें लिखने की योग्यता सहित अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और अंतर्वैयक्तिक क्षमता के साथ बहुआयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 60 वर्ष

कार्य स्थलः नई दिल्ली

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 1,50,000 / – रु. से 1,80,000 / – रु. के बीच

संविदा अवधिः दो वर्ष

** संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

टिप्पणी:

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराह्न 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक **3 अगस्त 2016** में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।

- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।